हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026



खबर संक्षेप

गुड़ेली में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



सारंगढ़। क्षय सुरक्षित विकास कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुडेली मैं विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें गोडम सेक्टर के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। हैंड हेल्ड जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम वासियों को निशुल्क जांच एवं स्वास्थ्य संबंधित सुविधा दिया गया। शिविर में 116 ग्राम वासियों का एक्स रे किया गया। इसमें 46 पुरुष और 86 महिला शामिल हैं। क्षय सुरक्षित विकास खंड कार्यक्रम अंतर्गत किया गया इसमें ग्राम के ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत सरपंच नरेंद्र पटेल, सचिव द्वासलाल चौहान, दीनानाथ नेताम, कन्हाई सिदार, गोलू नेताम, बसंत पटेल समेत समस्त ग्राम वासी उपस्थित थे।

पुसौर तहसील में खसरा जांच में बड़ी उपलब्धि



पुसौर। निजी भूमि के कुल खसरा नंबरों की जांच कर कहां क्या फसल लगी है, साथ ही पड़त भूमि का अन्य उपयोग हो रहा है या नहीं इसकी सघन जांच की जा रही है। जिले में सबसे ज्यादा खसरा होने के कारण पुसौर तहसील का लक्ष्य 1 लाख 75 हजार 200 खसरा रखा गया था। मिली जानकारी के मुताबिक उक्त लक्ष्य के विरुद्ध जिला प्रशासन की टीम के साथ पुसौर तहसील के अमले ने इस जांच में शामिल होकर अब तक 162496 खसरा नंबरों की जांच पूरी कर ली है। बताया जा रहा है कि समूचे जिले में कुल खसरा नंबरों की संख्या 836924 है जिसमें से 721905 खसरा नंबरों की जांच हो चुकी है जो करीब 92.33 प्रतिशत है। जिले के अन्य तहसील लैलूंगा घरघोड़ा आदि क्षेत्रों में जमीन के खसरा की संख्या कम होने की वजह से प्रतिशत में उनका नाम आगे है वहीं खसरा संख्या के लिहाज से आंका जाए तो पुसौर तहसील पूरे जिले में प्रथम पायदान पर है क्योंकि लक्ष्य के विरुद्ध इसकी उपलब्धि 92.75 प्रतिशत के करीब है। ज्ञात हो कि किसानों के धान फसल पंजीयन के लिए प्रयुक्त एग्रीस्टैक की कार्रवाई भी साथ.साथ चल रही है जिसमें अब तक 17305 किसान शामिल हो चुके हैं और इस बीच जो किसान इसके लिए आ रहे हैं उनका भी पंजीयन आगे बढ़ाया जा रहा है।

चंद्रपुर के दरहा घाट पर किया गया सामूहिक पितृ तर्पण

चंद्रपुर। चंद्रपुर नगर के पावन दरहा घाट पर आज, 10 अक्टूबर दिन शनिवार को प्रातः काल ठीक 8 बजे सामूहिक पितृ तर्पण का एक अत्यंत पवित्र एवं भावपूर्ण आयोजन संपन्न हुआ। सनातन संस्कृति की गौरवशाली परंपरा, अगाध श्रद्धा और अटूट आस्था को जीवंत करता यह पावन अनुष्ठान नगर में दूसरी बार आयोजित किया गया, जिसने समूचे क्षेत्र को पितृ भक्ति के रस में सराबोर कर दिया। इस महा अनुष्ठान को पूर्ण वैदिक रीति नीति और शास्त्रोक्त विधि से संपन्न कराने में मुख्य आचार्य पंडित आनंद मिश्रा एवं पंडित देवेंद्र मिश्रा की महती भूमिका रही। आचार्यों के पावन सानिध्य एवं उनके द्वारा उच्चारित मंत्रों की दिव्य ध्वनियों के बीच, तर्पण कर्ताओं ने श्रद्धापूर्वक अपने पूर्वजों का आवाहन किया। यह पुनीत आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान मात्र नहीं था, बल्कि पितरों के प्रति हमारे श्पितृ ऋण की पावन मुक्ति और उनके प्रति सर्व हिंदू समाज की कृतज्ञता को अभिव्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम था। इस यज्ञ में सर्व हिंदू समाज ने ऊंच नीच और भेद भाव की सीमाओं से परे होकर, एकजुटता के सूत्र में बंधकर अपने पूर्वजों को नमन किया। इस सामूहिक तर्पण में सक्ति, डभरा, रायगढ़ और चंद्रपुर अंचल के कुल 41 तर्पण कर्ता सदस्यों ने सम्मिलित होकर पूर्ण विधि विधान से अपने पितरों को जलांजलि अर्पित की।

सारंगढ़ की अटल आरोग्य लैब बनी मरीजों का सहारा, 4 महीने में हुई 87 हजार मुफ्त जांच

रायगढ़। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के जिला चिकित्सालय में संचालित अटल आरोग्य लैब आम जनता और विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस लैब ने महज चार महीनों के भीतर स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर स्थापित करते हुए 23 हजार से अधिक मरीजों की विभिन्न प्रकार की 86 हजार 975 पैथोलॉजी जांचें पूरी तरह निःशुल्क की हैं। जिला चिकित्सालय में यह लैब बेहतरीन सेवाएं दे रही है। अत्याधुनिक जांच मशीनों से सुसज्जित इस प्रयोगशाला में वर्तमान में 134 प्रकार की उच्चस्तरीय पैथोलॉजी जांच सुविधाएं एक ही छत के नीचे पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध हैं। पैथोलॉजिस्ट और प्रयोगशाला में कार्यरत चिकित्सा प्रयोगशाला तकनीशियनों व कर्मचारियों की समर्पित टीम की बदौलत ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को अब छोटी-छोटी जांचों के लिए अन्यत्र भटकने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। इस व्यवस्था से मरीजों को निजी प्रयोगशालाओं में अपनी गाढ़ी कमाई खर्च करने से भारी राहत मिली है। चार माह की इस अल्पावधि में इतनी बड़ी संख्या में मरीजों की जांच होना इस बात का प्रमाण है कि जिला चिकित्सालय में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ बड़े पैमाने पर लोग उठा रहे हैं। राज्य शासन की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन का यह प्रयास ग्रामीण अंचल के जरूरतमंदों के लिए बेहद राहतकारी साबित हो रहा है।

अमानवीय तरीके से भरे गए थे मवेशी, 2 की हो चुकी थी मृत्यु

पुलिस ने तस्करों के कब्जे से 65 गौवंशों को कराया मुक्त,1 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज, सरगुजा दीपक झा के नेतृत्व जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में होने वाली आ प रा धि क गतिविधियों एवं विभिन्न तस्करी पर लगातार निगाह रखते हुए सामंजस्य बनाकर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी क्रम में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह के द्वारा पुलिसिंग को सशक्त बनाते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है, जिसके तहत तस्करों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में ऑपरेशन शंखनाद के तहत शनिवार सुबह लगभग 4:30 बजे थाना बगीचा क्षेत्र के ग्राम खंटाडांड़ में पुलिस की संयुक्त टीम ने एक कंटेनर ट्रक से 65 गौवंश बरामद कर तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कंटेनर में गौवंशों को ठूंस-ठूंसकर अमानवीय तरीके से भरा गया था, जिनमें से 2 गौवंशों की मृत्यु हो चुकी थी। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कंटेनर ट्रक को भी जब्त कर लिया है।

रास्ते की रेकी कर रही एक कार

गौ तस्करी हेतु रास्ते की रेकी कर रही एक मारुति सुजुकी एस-प्रेसो कार क्रमांक जेएच-01-बीआर-9492 को पुलिस द्वारा जप्त किया गया है। मामले में अज्ञात आरोपी फरार है, जिसकी पतासाजी की जा रही है। पुलिस द्वारा प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

गौ-तस्करी के विरुद्ध जशपुर पुलिस की लगातार कार्रवाई

डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में जशपुर पुलिस द्वारा गौवंश तस्करी के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। जनवरी 2026 से अब तक जिले में गौ-तस्करी के कुल 98 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 1108 गौवंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया है। इन प्रकरणों में कुल 131 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। साथ ही, गौ-तस्करी में प्रयुक्त पिकअप, ट्रक सहित कुल 36 वाहनों को जप्त किया गया है।जशपुर पुलिस द्वारा गौ-तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के साथ-साथ इस अवैध कारोबार के नेटवर्क पर भी लगातार निगरानी रखी जा रही है। गौवंशों के अवैध परिवहन एवं पशुओं के प्रति क्रूरता करने वालों के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने की घेराबंदी

जशपुर पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना प्राप्त हुई कि कंटेनर ट्रक क्रमांक एनएल 01- एबी-7655 में अंबिकापुर की ओर से भारी मात्रा में गौवंशों को भरकर बगीचा के रास्ते झारखंड ले जाया जा रहा है, सूचना की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एसडीओपी जशपुर निमितेश सिंह, निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू, उप निरीक्षक विवेक कुमार भगत एवं थाना बगीचा की पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने थाना बगीचा क्षेत्र के ग्राम पेटा में नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की, इसी दौरान 10 अक्टूबर की सुबह लगभग 4:30 बजे संदिग्ध कंटेनर ट्रक वहां पहुंचा। पुलिस टीम को देखकर चालक ट्रक को रोकने के बजाय दूसरे रास्ते से तेजी से भगाने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक का पीछा किया और उसे ग्राम खंटाडांड़ में रोकने में सफलता प्राप्त की।

कंटेनर की तलाशी में 65 गौवंश बरामद, 2 मृत मिले

पुलिस की कंटेनर ट्रक की तलाशी लेने पर उसके भीतर कुल 65 नग गौवंश पाए गए। गौवंशों को अत्यंत अमानवीय तरीके से ठूंस-ठूंसकर भरा गया था, जिससे उनके परिवहन की स्थिति बेहद चिंताजनक थी। इनमें से 2 गौवंशों की मृत्यु हो चुकी थी, चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रेहान अंसारी, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम सिसई, जिला गुमला, झारखंड बताया। पुलिस द्वारा गौवंशों के परिवहन एवं उनसे संबंधित वैध दस्तावेज मांगे जाने पर वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

स्वास्थ्य परीक्षण कर मृत गौवंशों का अंतिम संस्कार किया

पुलिस ने सभी 65 गौवंशों को गवाहों के समक्ष बरामद किया। पशु चिकित्सक से गौवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया तथा मृत गौवंशों का विधिवत अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त कंटेनर ट्रक क्रमांक एनएल -01 -एबी-7655 जप्त कर लिया।

झारखंड ले जाए जा रहे थे गौवंश, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

पूछताछ में आरोपी रेहान अंसारी ने बताया कि वह कंटेनर ट्रक को अंबिकापुर की ओर से लेकर झारखंड की ओर जा रहा था। मामले में पूछताछ जारी है, कुछ अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता के संबंध में भी जानकारी प्राप्त हुई है। पुलिस द्वारा संबंधित व्यक्तियों की पहचान एवं पतासाजी की जा रही है। गौ-तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध

पुलिस द्वारा आरोपी रेहान अंसारी के विरुद्ध थाना बगीचा में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 6 एवं 10, छत्तीसगढ़ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1)(क)(घ) एवं बी.एन.एस. की धारा 325 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

सीएसआर की राशि से निगम करेगा तालाबों उद्यानों का उन्नयन, मिली हरी झंडी



रायगढ़। निगम में गुरुवार को एमआईसी की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें बैठक में शहर के समग्र विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार, जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने, बाजारों के सुव्यवस्थित विकास, सामाजिक सुरक्षा तथा प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति की मुहर लगी। बैठक में एनटीपीसी लारा के सीएसआर मद से 12 करोड़ 49 लाख 97 हजार रुपए की लागत से शहर में 8 महत्वपूर्ण विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। इनमें जयसिंह तालाब उन्नयन, कलेक्ट्रेट एवं न्यायालय परिसर के सामने स्मृति उद्यान, सर्किट हाउस के सामने दिव्यांग अनुकूल ऑल एबिलिटी पार्क एवं शेड, गांधीगंज विकास तथा मिट्ठुमुड़ा और फटहामुड़ा तालाब में फुटपाथ एवं अन्य विकास कार्य शामिल हैं। इसके अलावा पंचतत्व उद्यान में फुटपाथ निर्माण तथा उपभोक्ता फोरम के पास ऑक्सीजोन निर्माण को भी स्वीकृति मिली है। इन कार्यों से शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों को बेहतर स्वरूप देने के साथ नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध होंगी। शहर की जलापूर्ति व्यवस्था के विस्तार की दिशा में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 153.91 लाख की लागत से कोतरा रोड फ्लाईओवर से बरमुड़ा .नंदेली रोड तक डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन बिछाने की निविदा को मंजूरी दी गई। वहीं ग्राम बड़े रामपुर में प्रस्तावित 17 एमएलडी इंटेकवेल के भविष्य के विस्तार एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शासकीय भूमि के आपसी तबादले संबंधी प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई।

व्यवस्थित होंगी सब्जी मंडियां, बाजार व्यवस्था को मिलेगा नया स्वरूप

नागरिकों एवं व्यवसायियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डिग्री कॉलेज के सामने नजूल भूमि पर सुव्यवस्थित सब्जी मंडी तथा 480 वर्गमीटर में पानी पसारी शेड निर्माण को मंजूरी दी गई। सारंगढ़ बस स्टैंड के समीप नजूल भूमि पर प्रस्तावित सब्जी मंडी निर्माण कार्य को गति देने का निर्णय भी लिया गया। वहीं कोतरा रोड ओवरब्रिज के नीचे स्थित पसरा शेडों को डिस्मेंटल कर सुव्यवस्थित सब्जी मंडी विकसित करने तथा रिक्त भूमि पर नियमानुसार लीज पर स्थान आवंटित करने संबंधी प्रस्ताव पर भी निर्णय लिया गया।

कोडातराई, बोरोडीपा कनकतुरा में नहीं जल रहे एनटीपीसी लारा के 28 हाईमास्ट लाइट

रायगढ़। एनटीपीसी लारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत परियोजना प्रभावित गांवों और समीपस्थ इलाकों में सौर ऊर्जा हाईमास्ट लाइट लगाने की सराहनीय पहल कर रहा है। इसके लिए शासन के क्रेडा विभाग को दायित्व सौंपा गया जिसने टेंडर जारी कर इस कार्य को अंजाम तक पहुंचाया है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

करोड़ों खर्च कर लगाई गई ये लाइटें कुछ ही महीनों में शो पीस बनकर रह गई हैं। जानकारी के मुताबिक कोडातराई क्षेत्र में 28 सौर ऊर्जा हाईमास्ट लाइट लगाई जा चुकी हैं और 9 जगहों पर इसे लगाने की तैयारी की जा रही है। जिसमें जनपद कार्यालय तहसील कार्यालय सहित अन्य कई प्रमुख स्थान शामिल हैं। बताया जा रहा है कि कई जगहों पर ये लाइटें जल ही नहीं रही हैं जिसमें



बोरोडीपा कनकतुरा और कोडातराई क्षेत्र की कई हाईमास्ट लाइटें शामिल हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि शाम होते ही फिर से वही अंधेरा जिसको दूर करने के लिए ये लाइटें लगाई गई थीं। इस संबंध में क्रेडा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ठेकेदार को 5 साल तक उसके द्वारा लगाई गई लाइटों के रख रखाव की जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए ठेकेदार को अवगत करा दिया गया है और वह हर स्थान पर जाकर इसे ठीक कर रहा है। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी लारा द्वारा विद्युत विहीन क्षेत्रों में आवागमन को सुलभ कराने की दृष्टि से यह कवायद की जा रही है। एनटीपीसी पैसा दे रहा है पर यदि संबंधित क्रियान्वयन एजेंसी अपनी जिम्मेदारी में लापरवाही बरतेगी तो यह किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। एनटीपीसी की मंशा गांवों को रोशन करने की है लेकिन रख रखाव के अभाव में शासन की यह योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। जरूरत है कि संबंधित ठेकेदार को तय समय में सभी बंद लाइटों को चालू करना चाहिए नहीं तो यह राशि का दुरुपयोग ही माना जाएगा।

पुसौर में अब ऑयल पाम की खेती, 15 हेक्टेयर का लक्ष्य

पुसौर। पुसौर उद्यानिकी विभाग को 15 हेक्टेयर का लक्ष्य दिया गया है। पुसौर उद्यान अधीक्षक के मुताबिक शासन द्वारा ऑयल पाम की खेती के लिए पौधों के साथ साथ नलकूप खनन और खेती स्थल के घेराव फेंसिंग के लिए अनुदान राशि प्रदान की जा रही है।

सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि इसकी फसल को बेचने के लिए किसानों को मार्केट खोजने की जरूरत नहीं है, क्योंकि शासन स्वयं इसके लिए बाजार उपलब्ध कराएगी। यदि किसान चाहें तो स्वयं तेल निकालकर भी इसकी बिक्री कर सकते हैं। 15 हेक्टेयर के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक हुई प्रगति को लेकर उद्यान अधीक्षक सिदार ने बताया कि



जकेला ग्राम के जितेन्द्र कुमार प्रधान ने 1 हेक्टेयर में, टिनमिनी में 5 एकड़ में, औरदा के धर्मेन्द्र साव एवं विशाल ने ढाई ढाई एकड़ में रोपण कर चुके हैं जिन्हें पौधे और घेराव की राशि उपलब्ध करा दी गई है। उद्यान अधीक्षक सिदार का कहना है कि यह फसल 30 वर्ष की होती है। एक बार लगाने के बाद इसकी फसल 3 साल में आना शुरू हो जाती है जो प्रति माह फल देता है जिसे तोड़ कर पाम ऑयल बनाया जाता है। इस तीन साल के अंतराल के बीच उस जमीन में सब्जी उगाई जा सकती है। इसके बाद पाम ऑयल के पौधे बड़े हो जाने पर बीच में लता वाले पौधे लगाए जा सकते हैं या फिर दो पौधों के बीच में अनानास की खेती की जा सकती है। जब पौधा बड़ा होने लगता है तो उसकी जड़ें एक दूसरे से मिलने लगती हैं और चूंकि वह प्रतिमाह फल देता है ऐसी स्थिति में वहां दूसरी सब्जी भाजी की खेती करना संभव नहीं होता इसलिए इंटरक्रॉपिंग का यह मॉडल किसानों के लिए अतिरिक्त आय का जरिया बनेगा।

शिविर के बाद एनसीसी कैडेटों को घर छोड़ने के लिए नहीं मिला वाहन, पिकअप में भेजे गए 16 छात्र-छात्राएं



घरघोड़ा। शिविर पूरा होने के बाद घरघोड़ा के एनसीसी कैडेटों को घर छोड़ने के लिए वाहन की व्यवस्था नहीं कर सके। हालात यह रहा कि पिकअप में 16 कैडेटों को घर पहुंचाया गया। इसे लेकर अब घरघोड़ा के लोगों की प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी है। व्यवस्था को लेकर लोग सवाल उठा रहे हैं। विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रसेवा का पाठ पढ़ाने वाली व्यवस्था में यदि उन्हीं विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगें, तो यह बेहद चिंताजनक है। घरघोड़ा स्थित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी हिंदी माध्यम विद्यालय के छात्र छात्राओं को रायपुर में आयोजित 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण के बाद रायगढ़ से घरघोड़ा तक पिकअप वाहन में बैठाकर लाने का मामला सामने आया है।

बताया जा रहा है कि विद्यालय के लगभग 16 छात्र छात्राओं को इसी तरह विद्यालय परिसर तक पहुंचाया गया। रायपुर में 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण में शामिल होने वाले छात्र छात्राएं अनुशासन और जिम्मेदारी का पाठ सीखकर लौट रहे थे। ऐसे में उनकी सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित करना संबंधित व्यवस्था की प्राथमिकता होनी चाहिए थी। लेकिन यदि लगभग 16 कैडेटों को पिकअप की ट्रॉली में बैठाकर रायगढ़ से घरघोड़ा लाया गयाए तो यह व्यवस्था कई गंभीर सवाल खड़े करती है। पिकअप की ट्रॉली सामान ढोने के लिए इस्तेमाल होती है विद्यार्थियों को लंबी दूरी तक ले जाने के लिए नहीं। बच्चों को इस तरह ले जाना दुर्घटना की स्थिति में गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। क्या बच्चों की सुरक्षा इतनी सस्ती हो गई कि उन्हें सुरक्षित यात्री वाहन के बजाय पिकअप की ट्रॉली में बैठाकर लाना पड़ा।

कैडेटों के आवागमन की राशि का मांग रहे हिसाब

इस मामले में सबसे बड़ा सवाल छात्र छात्राओं के आने जाने के खर्च को लेकर है। रायपुर में आयोजित एनसीसी प्रशिक्षण के लिए कैडेटों के आवागमन हेतु राशि स्वीकृत या जारी की गई थी। यदि राशि मिली थी, तो उसका उपयोग किस मद में किया गया। यदि राशि नहीं मिली थी, तो सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था करने के लिए क्या प्रयास किए गए। क्या बस, ट्रेन या किसी अन्य सुरक्षित यात्री वाहन की व्यवस्था की जा सकती थी, लेकिन नहीं की गई।

रायगढ़ घरघोड़ा मार्ग खतरा

रायगढ़ से घरघोड़ा मार्ग पर ट्रक, ट्रैक्टर, पिकअप और अन्य भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे मार्ग पर विद्यार्थियों को असुरक्षित तरीके से ले जाना दुर्घटना की आशंका को लेकर गंभीर चिंता पैदा करता है। यदि रास्ते में पिकअप अनियंत्रित होकर पलट जाती, अचानक ब्रेक लगता या कोई बच्चा ट्रॉली से नीचे गिर जाता, तो जिम्मेदारी कौन लेता।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर शिविर आयोजित

जशपुरनगर। माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के मार्गदर्शन में 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पैरालीगल वॉलिंटियर्स जिला जशपुर के माध्यम से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलदुला एवं सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलदुला जिला जशपुर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर कार्यक्रम में माननीय श्रीमती सुमन सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जशपुर, माननीय अभिनव अग्रवाल, प्रशिक्षु न्यायाधिश जशपुर, जिला जशपुर, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। शिविर के दौरान विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, मानसिक तनाव से बचाव तथा मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

टीपाखोल में स्वच्छता, सियारपाली में निरीक्षण सपनई में किसान संवाद का आयोजन

रायगढ़। जिले में जल संरक्षण, जल संरचनाओं की स्वच्छता और सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में टीपाखोल जलाशय में सफाई अभियान चलाया गयाए सियारपाली जलाशय का संयुक्त निरीक्षण किया गया तथा सपनई व्यपवर्तन क्षेत्र में किसानों से संवाद कर आगामी रबी फसल के लिए जल उपलब्धता और वितरण व्यवस्था पर चर्चा की गई। टीपाखोल जलाशय के मुख्य बांध, जलद्वार और आसपास के क्षेत्र की सफाई कर प्लास्टिक की बोतलों सहित अन्य कचरे को एकत्रित किया गया। इसके बाद कचरे का सुरक्षित निस्तारण किया गया।

मानसून के बाद जलाशय की स्थिति का आकलन करने के लिए



स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की मौजूदगी में मुख्य बांध एवं आसपास के क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस दौरान बांध की भौतिक स्थिति, जलभराव क्षमता और जल संरक्षण व्यवस्था का जायजा लिया गया। सपनई व्यपवर्तन क्षेत्र में अभियंताओं और कृषक प्रतिनिधियों ने संयुक्त निरीक्षण कर नहर के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था देखी। टेल एंड से जुड़ी समस्याओं के निराकरण पर चर्चा की गई। साथ ही आगामी रबी फसल के लिए जल उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को लेकर किसानों से संवाद किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से जल संरचनाओं की स्वच्छता एवं सुरक्षा के साथ सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाने और किसानों तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है।

उत्पादों की गुणवत्ता और नियमों के पालन की जांच के लिए कॉस्मेटिक्स प्रतिष्ठानों व मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण

रायगढ़। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा विभिन्न कॉस्मेटिक्स प्रतिष्ठानों और मेडिकल दुकानों की जांच की गई। इस दौरान औषधियों के तीन नमूने भी लिए गए। इसमें लक्ष्मीनारायण वासुदेव, नीतू बैंगल्स और सरदार बैंगल्स की जांच की गई। इस दौरान प्रतिष्ठानों में उपलब्ध कॉस्मेटिक्स उत्पादों तथा उनकी बिक्री से संबंधित जानकारी और अभिलेखों की जांच की गई। वहीं औषधि प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के



दौरान रजत एजेंसी शाखा पतरापाली से एक तथा मां सतचंडी फार्मास्यूटिकल्स गांधीगंज से दो औषधि नमूने लिए गए। इन तीनों नमूनों को नियमानुसार गुणवत्ता परीक्षण के लिए भेजा जाएगा। इसके अलावा धरमजयगढ़ स्थित नरेश मेडिकल, दुलेश मेडिकल और कैलाश मेडिकल का भी निरीक्षण किया गया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा शासन के निर्देशानुसार जिले में कॉस्मेटिक्स एवं औषधि प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान निर्धारित मानकों के पालनए बिक्री संबंधी अभिलेखों तथा उत्पादों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध हो सकें।

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

4

पीएम आवास की राशि मिली, पूरा नहीं किया मकान, अब 134 से होगी वसूली



खबर संक्षेप

जन शताब्दी में एक अतिरिक्त कोच की सुविधा

रायगढ़। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु गाड़ी संख्या 12069/12070 रायगढ़-गोंदिया-रायगढ़ जन शताब्दी एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त सेकेंड सीटिंग कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। इस व्यवस्था के तहत गोंदिया से चलने वाली गाड़ी संख्या 12070 गोंदिया-रायगढ़ जन शताब्दी एक्सप्रेस में दिनांक 13 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2026 तक तथा रायगढ़ से चलने वाली गाड़ी संख्या 12069 रायगढ़-गोंदिया जनशताब्दी एक्सप्रेस में दिनांक 14 अक्टूबर से 01 दिसम्बर तक एक अतिरिक्त सेकेंड सीटिंग कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

नए मतदाताओं को दी गई जानकारी

रायगढ़। विशेष मतदाता पंजीयन अभियान के तहत जिले में नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तथा आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है। इसी क्रम में धरमजयगढ़ स्थित शासकीय कलाए विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में 17 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं और 18 वर्ष के नए मतदाताओं को मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बूथ लेवल अधिकारी सुभरन राठिया, नोडल अधिकारी डॉ. मार्गरेट कुजूर एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के सदस्यों ने युवाओं को ईसीआईनेट ऐप के माध्यम से मतदाता पंजीयन संबंधी प्रक्रिया समझाई। इस दौरान फॉर्म.6 के जरिए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तथा फॉर्म.7 और फॉर्म.8 के उपयोग एवं उन्हें भरने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही युवाओं से संबंधित प्रपत्र भरवाकर पंजीयन प्रक्रिया का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया।

आयुष्मान भारत योजना से सुन्दर पटेल का इलाज

रायगढ़। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जरूरतमंद परिवारों को बीमारी के दौरान उपचार कराने में सहायता प्रदान कर रही है। सेवा संकल्प अभियान के तहत रायगढ़ के खैरपुर निवासी सुन्दर लाल पटेल ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि कमर और घुटनों के दर्द की परेशानी के दौरान आयुष्मान भारत योजना से उन्हें उपचार में राहत मिली। सुन्दर लाल पटेल ने बताया कि कमर और घुटनों में दर्द होने पर वे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज गए थे। वहां एक्स.रे जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें एमआरआई कराने की सलाह दी। इसके बाद उन्होंने रायपुर में एमआरआई जांच कराई। जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें दवाइयां दींए जिनके सेवन से अब उन्हें काफी आराम महसूस हो रहा है। उन्होंने बताया कि उपचार के दौरान आयुष्मान भारत योजना से मिली सहायता उनके लिए काफी उपयोगी रही। इससे इलाज के खर्च की चिंता कम हुई और उपचार कराने में सहूलियत मिली। सुन्दर लाल पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना जरूरतमंदों को बीमारी के समय उपचार में सहायता प्रदान कर रही है।

सहायिका पद के लिए 19 तक दावा आपत्ति

रायगढ़। एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण के अंतर्गत पुलिस लाइन उर्दना, वार्ड क्रमांक 43 स्थित पालना केन्द्र में सहायिका के एक पद पर भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों का अनंतिम मूल्यांकन पत्रक जारी कर दिया गया है। आवेदिकाएं विभागीय ऑनलाइन पोर्टल पर इसका अवलोकन कर सकती हैं। मूल्यांकन में किसी प्रकार की लिपिकीय त्रुटि होने पर आवेदिकाएं 19 अक्टूबर तक विभागीय ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से लिखित में दावा.आपत्ति प्रस्तुत कर सकती हैं।

विजयपुर में छोड़ी गई थी खसरा नंबर 8 में 1.2140 हेक्टेयर सरकारी जमीन

रायगढ़ में जमीनें भी हो रहीं गायब, विजयपुर में स्कूल के लिए आरक्षित भूमि जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ में जमीनें गायब होने का एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां विजयपुर में सरकारी स्कूल के लिए आरक्षित जमीन भूमिगत हो गई है। इसकी खोज-खबर लेने वाला भी नहीं है। दरअसल विजयपुर में खसरा नंबर 8 में 1.2140 हेक्टेयर जमीन सरकारी स्कूल के लिए आरक्षित रखी गई थी, लेकिन अब वहां एक इंच जमीन खाली नहीं है। याने विजयपुर में सरकारी और आदिवासी जमीनों की बिक्री व कब्जा का अंत ही नहीं हो रहा है। यहां अभी की स्थिति में कौन जमीन किसकी और सरकारी जमीन कहां है इसका पता ही नहीं चल रहा है। खास बात यह है कि ऐसी जमीनों की जांच करने प्रशासन के पास समय ही नहीं है। पटवारियों और राजस्व विभाग के अधिकारियों से मिल कर जमीनें गायब करने का खेल खेला जा रहा है। अब स्कूल के लिए छोड़ी गई जमीन राजस्व विभाग ढूंढते रह जाएगा। ग्राम विजयपुर एलजी कोड 434918, रानिमं बोईरदादर में खसरा नंबर 8 में करीब तीन एकड़ जमीन स्कूल के लिए छोड़ी गई थी। ऐसा नहीं है कि आसपास की अन्य जमीनें निजी है, वहां अन्य कई जमीनें भी सरकारी ही है, लेकिन अब की स्थिति में वहां एक इंच जमीन खाली मिलेगा नहीं। वहां दुकान से लेकर मकान का निर्माण हो चुका है। सरकारी जमीनों के बीच में निजी जमीनें भी थी, जहां मकान दुकान तो समझ में आता है, लेकिन जो आज भी सरकारी रिकार्ड में सरकारी ही दर्ज है वह कहां है इसका पता नहीं है। याने वह जमीन गायब हो चुकी है। निर्माण के पहले ही यदि राजस्व और निगम द्वारा जांच की जाती तो शायद जमीन बच भी जाती, लेकिन अब तो ढूंढने से भी मिलने वाली नहीं है। जानकारी मिली है कि राजस्व रिकार्ड में खसरा नंबर 8 में 1.2140 हेक्टेयर सरकारी जमीन स्कूल के लिए आरक्षित की गई थी। यह जमीन अमृत मिशन के पानी टंकी के आसपास इंदिरा विहार मुख्य मार्ग पर बोईरदादर की ओर से दाहिने ओर स्थित है। हालांकि अभी के समय में उस जमीन को ढूंढ पाना मुश्किल होगा। कारण खाली जमीन नजर ही नहीं आ रही है।



आज भी रिकार्ड में दर्ज है सरकारी भूमि, लेकिन मौके पर खड़ी हो गई हैं बड़ी-बड़ी अट्टालिकाएं

प्रशासन अपनी जरुरत की जमीनें ही ढूंढती है

शहर में ऐसी कई जगह है जहां सरकारी जमीनें सरकारी रिकार्ड में दर्ज है, लेकिन वास्तव में वहां एक इंच खाली जमीन नहीं मिलेगी। इसमें सबसे अधिक विजयपुर, टीवी टावर में छोटे और बड़े अंतरमुड़ा, चांदमारी, बेलादुला, चमड़ा गोदाम, ट्रांसपोर्ट नगर, अमलीमौना समेत ऐसे दर्जनों मोहल्ला है जहां सरकारी जमीनों पर कब्जा हो चुका है। यहां प्रशासन अपनी जरुरत की जमीनें ही ढूंढती है।

पेट्रोल पंप के आसपास कई ऐसी जमीनें, पर हो गई है कब्जा

विजयपुर में सबसे ज्यादा जमीनों की गड़बड़ी सामने आ रही है। जानकारी मिली है कि पेट्रोल पंप के आगे से गोपालपुर की ओर जाने वाली रास्ते में कई आबंटित और सरकारी जमीनें थी। अब यहां एक इंच भी खाली जमीन नहीं मिलेगी। अधिकांश में निर्माण हो चुका है। दूसरी ओर कुछ कृषि भूमि निजी भी थी जिसे डायवर्सन कराने के बाद 18-20 लोगों को बिक्री की गई है। 2018-19 में इसकी जांच भी हुई थी। उस समय आरआई और पटवारी ने इसकी रिपोर्ट तैयार किया था।

यहां आदिवासी और आबंटित जमीनों की हो चुकी है बिक्री

वियजपुर में आदिवासी, आबंटित और सरकारी जमीनों की खुब बिक्री हुई है। हालांकि बीते साल विजयपुर के खसरा नंबर 4/6 के जमीन को बिना अनुमति सात टुकड़ों में की गई रजिस्ट्री को तहसीलदार ने कैंसिल कर दिया था। यह जमीन भी विजयपुर की है। इस जमीन को खेती के लिए आदिवासियों को सरकार द्वारा आबंटित की गई थी, लेकिन कलेक्टर की बिना अनुमति सात लोगों को बिक्री कर दी गई थी। बाद में तहसीलदार ने निरस्त कर दिया था। अब यहां खसरा नंबर 8 में एक भारी गड़बड़ी सामने आई है।

सोनूमुड़ा काली मंदिर में कांग्रेसियों ने किया श्रमदान

रायगढ़। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार प्रत्येक सप्ताह एक दिन श्रमदान एवं सेवादान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 10 अक्टूबर शनिवार को सुबह 6 बजे जिला कांग्रेस अध्यक्ष शाखा यादव के नेतृत्व में सोनूमुड़ा स्थित काली मंदिर परिसर में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत कांग्रेसजनों ने सामूहिक सहभागिता के साथ मंदिर परिसर की सफाई, घास कटाई और रंग.रोगन का कार्य किया। श्रमदान के दौरान मंदिर परिसर में उगी घास की कटाई की गई तथा बड़े पेड़ों से गिरे सूखे पत्तों और अन्य कूड़े.कचरे की व्यापक सफाई की गई। इसके साथ ही मंदिर परिसर में रंग.रोगन, लिपाई पोताई कर परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने हेतु श्रमदान किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शाखा यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा जनसेवा, सामाजिक समरसता और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने की रही है। श्रमदान एवं सेवादान कार्यक्रम इसी विचारधारा को आत्मसात करने का प्रयास है।

नाम बदलकर रहने वाले 6 फरार वारंटियों की गिरफ्तारी, राजा सोनी भी पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



4 फरार स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार की गई है। इनमें एक ऐसा वारंटी भी शामिल है जिसके खिलाफ थाना कोतवाली और थाना जूटमिल में चोरी, नकबजनी, मारपीट एवं दुर्घटना से संबंधित मामलों में कुल 6 स्थायी वारंट लंबित थे। आरोपी अपनी पहचान छिपाकर और नाम बदलकर लंबे समय से रह रहा था।

थाना कोतवाली पुलिस को आरोपी के अपने घर में छिपे होने की सूचना मिली जिस पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी राजा सोनी उर्फ राजेश उर्फ मानु सोनी पिता फूलचंद सोनी, उम्र 25 वर्ष निवासी बावलीकुआं धांगरडीपा, शीतला मंदिर के पास थाना कोतवाली के विरुद्ध थाना कोतवाली में चोरी एवं नकबजनी के तीन तथा मारपीट का एक स्थायी वारंट लंबित था। वहीं परजा पिता शिवलाल परजा, उम्र 23 वर्षए निवासी बागबाड़ी थाना तमनार को गिरफ्तार किया।

वहीं थाना खरसिया पुलिस ने टीका राम कुम्हार पिता नाभी लाल कुम्हार उम्र 40 वर्ष निवासी पामगढ़ वर्तमान पता गीधा थाना खरसिया को गिरफ्तार किया। इसके अतिरिक्त थाना कोतवाली पुलिस ने मुकेश देवांगन पिता स्वर्गीय त्रिलोचन देवांगन उम्र 38 वर्ष निवासी शंकर नगरए धांगरडीपा थाना कोतवालीए रायगढ़ को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय की प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया है।

रायगढ़ पुलिस द्वारा फरार स्थायी वारंटियों की तलाश और गिरफ्तारी के लिए ऑपरेशन क्लीन हंट लगातार जारी रखा जाएगा ताकि लंबे समय से न्यायालय में लंबित वारंटों की तामिली सुनिश्चित की जा सके और फरार आरोपियों को कानून के दायरे में लाया जा सके।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

रायगढ़। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को अद्यतन करने और छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने के लिए जिले में कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में मतदाता पंजीयन और सूची के सत्यापन के लिए बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। इसी क्रम में लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र में प्रथम एवं द्वितीय पाली में तथा तहसील तमनार में भी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों को मतदाता सूची में नाम जोड़नेए पात्र नागरिकों की पहचान करने और सूची का सत्यापन करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही नए मतदाताओं का पंजीयन सुनिश्चित करने और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन लेने पर जोर दिया गया। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए पात्र नागरिक फॉर्म.6 के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। 17 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे युवाओं से भी अग्रिम आवेदन लिए जा रहे हैं, जो वर्ष 2027 में 18 वर्ष की आयु पूरी करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने इसके लिए 1 जनवरीए 1 अप्रैलए 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को अर्हता तिथियां निर्धारित की हैं। आवेदन ऑनलाइन या ऑफलाइन जमा किए जा सकते हैं। शासकीय एवं निजी स्कूलोंए महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के माध्यम से पात्र विद्यार्थियों को मतदाता पंजीयन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

गढ़उमरिया वर्मी फिल्टर प्लांट का निर्माण एक महीने में पूरा करने का निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत राज्य स्तरीय टीम ने रायगढ़ जिले में अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े कार्यों का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों को समय.सीमा में पूरा करने और संयंत्रों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। टीम ने जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम पंचायत गढ़उमरिया स्थित वर्मी फिल्टर प्लांट तथा जनपद पंचायत रायगढ़ के ग्राम नौरंगपुर स्थित एफएसटीपी फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता कमलेश चंद्राकर एवं राज्य सलाहकार, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, रायपुर रूपेश राठौर उपस्थित रहे। टीम ने गढ़उमरिया स्थित वर्मी फिल्टर प्लांट के निर्माण कार्य को एक माह के भीतर पूर्ण कर क्रियाशील करने के निर्देश दिए। साथ ही नालियों को प्लांट से जोड़ने और जल की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए बीओडी जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग एवं सीओडी रासायनिक ऑक्सीजन मांग की जांच कराने को कहा। नौरंगपुर स्थित एफएसटीपी प्लांट के निरीक्षण के दौरान भी आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ के साथ बैठक आयोजित की गई। इसमें स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत लंबित देनदारियों, सामुदायिक स्वच्छता परिसरों सीएससी के शौचालयों को क्रियाशील बनाने तथा मिशन के विभिन्न कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। संबंधित कार्यों को समय पर पूरा करने और स्वच्छता सुविधाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के डीपीपी, जिला एवं विकासखंड स्तर की स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण टीम के सदस्य, ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

संकुल केंद्र बनोरा में बाल शोध मेले का आयोजन

रायगढ़। विकासखंड रायगढ़ अंतर्गत संकुल केंद्र बनोरा में मिडिल स्तर का बाल शोध मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषय पर बच्चों द्वारा आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने अपने मॉडल के वैज्ञानिक सिद्धांतों को बखूबी समझाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत रायगढ़ अध्यक्ष श्रीमती सुजाता चौहान, श्रीमती पार्वती निषाद सरपंच ग्राम पंचायत बनोरा, श्रीमती भारती सिदार सरपंच ग्राम पंचायत बेलरिया, संजय पटेल विकासखंड शिक्षा अधिकारी रायगढ़ए मनोज अग्रवाल बीआरसीसी रायगढ़, श्रीमती किरण मिश्रा एपीसी समग्र शिक्षा रायगढ़ एवं श्रीमती योगिता पाठक समग्र शिक्षा रायगढ़ उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा सभी मॉडलों का अवलोकन किया गया तथा बच्चों से मॉडल से संबंधित प्रश्न पूछकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत करने वाले बच्चों को प्रथमए द्वितीय पुरस्कार तथा अन्य प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।



खबर संक्षेप

ऐतिहासिक नगरी कोसीर में नवरात्र की तैयारी

कोसीर। सारंगढ़ जिले के ऐतिहासिक ग्राम्य नगरी कोसीर में नवरात्र पर्व को लेकर विशेष तैयारी जोरो से की गई है जो कि लगभग पूरी हो गई है पुरी तरह से माता कौश्लेवरी की मंदिर सज धस कर तैयार है मंदिर के चारो तरफ लाइट व झालर से सजे हुए आकर्षक का केन्द्र लग रहा विदित हो कि पुरी अंचल के आस्था का केन्द्र बिन्दु स्थल माना जाता है कोसीर के माँ कौश्लेशवरी मंदिर जहाँ आसपास क्षेत्र व दुर दराज से लाखो लोग माता की मंदिर मे आस्था के दीप जलाये माता के मंदिर पहुंचते है। इस बार क्वार नवरात्र आज 11अक्टूबर से पारंभ होकर 19 अक्टूबर तक भव्य पुजा पाठ के साथ सम्पन्न होगी आदि काल से चली आ रही परंपरा व विधि विधान के साथ इस वर्ष भी मंदिर समिति व ग्राम पंचायत के दारा तैयारी जोरो से की गई है नौ दिन माता की की पुरी विधि विधान के साथ पूजा पाठ की जाएगी जिसमे ग्राम पंचायत व मंदिर समिति के दारा माता की जगराता व विशेष कार्यक्रम रखा गया है वही मंदिर समिति व ग्राम सरपंच से सभी क्षेत्र वासियो से विशेष अपील की है कि भारी से भारी संख्या व सहपरिवार पहुंच कर माता की दर्शन कर पुन्य की भागी बने और कार्यक्रम को सफल बनाये बूजुरगो के अनुसार बताया माता कौश्लेशवरी की मंदिर ऐतिहासिक माना जाता है।

स्कूल- कॉलेजों के ईएलसी को ट्रेनिंग

रायगढ़। जिले के सभी अशासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के ईएलसी समन्वयकों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण शुक्रवार को सृजन सभा कक्ष रायगढ़ में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फॉर्म-6 भरने तथा प्रत्येक संस्था में निर्वाचन साक्षरता क्लब के गठन की जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले में अक्टूबर 2026 में छूटे हुए पात्र नागरिकों और नए पात्र युवा मतदाताओं का पंजीयन करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य ऐसे सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करना है, जिनका नाम अभी तक दर्ज नहीं हो पाया है। पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ईसीआईनेट मोबाइल ऐप अथवा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से फॉर्म-6 भरकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

लैलूंगा में टिकरा जमीन पर लहलहाई फसल

रायगढ़। ग्राम केंदाटिकरा के सुखदेव सिदार और ग्राम लैलूंगा के चंद्रशेखर पटेल ने टिकरा जमीन पर बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत सन की फसल लगाई है। दोनों के खेतों में लहलहाती फसल अब दूसरे किसानों का ध्यान भी वैकल्पिक खेती की ओर खींच रही है। कम पानी वाली जमीन पर फसल का बेहतर उपयोग और बीज उत्पादन के जरिए आमदनी बढ़ाने की दिशा में यह विशेष प्रयास है। सन केवल बीज उत्पादन तक सीमित नहीं है। इसके रेशों से रस्सी बनाई जाती है, जिसका उपयोग बोरियों और खाट की बुनाई सहित विभिन्न कामों में होता है। इसकी हरी फसल को खेत में मिलाकर हरी खाद के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे मिट्टी में जैविक पदार्थ बढ़ाने और रासायनिक उर्वरकों की जरूरत कम करने में मदद मिलती है।

22 पुलिस अधिकारी जवानों ने किया रक्तदान

रायगढ़। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पुलिस ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्षित केंद्र रायगढ़ में आयोजित इस शिविर में पुलिस विभाग के 22 अधिकारी और जवानों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए अपना योगदान दिया। इस दौरान रक्षित निरीक्षक अमित सिंह ने भी रक्तदान किया। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकताए आपसी सद्भाव और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रायगढ़ पुलिस ने रक्तदान शिविर के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया।

एसडीएम को निगम आयुक्त ने लिखा पत्र, जारी होगी आरआरसी

पीएम आवास की राशि मिली, पूरा नहीं किया मकान, अब 134 से होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि लेकर मकान अधूरे छोड़ने वाले हितग्राहियों पर अब सख्त कार्रवाई की तैयारी है। नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के अंतर्गत लंबे समय से अधूरे पड़े आवासों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए एसडीएम को नियमानुसार रेवेन्यू रिकवरी सर्टिफिकेट राजस्व वसूली प्रमाणपत्र के तहत कार्रवाई हेतु पत्र लिखा है। शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा 30 सितंबर तक मकान पूर्ण करने के निर्देश के बावजूद निर्माण अधूरा रहने पर अब शेष राशि जारी नहीं होगी।

वहीं योजना की राशि प्राप्त करने के बाद भी मकान का निर्माण नहीं कराने वाले हितग्राहियों से नियमानुसार वसूली की कार्रवाई की जाएगी। योजना 1.0 के अंतर्गत अधूरे आवासों में 45 मकान फाउंडेशन स्तरए 74 लिंटल स्तर और 15 रूफ स्तर पर अटके हुए हैं। शासन की निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद इन आवासों के लिए आगे राशि जारी नहीं की जाएगी। निर्धारित समय सीमा में आवास पूर्ण करने के निर्देशों के बाद 87 हितग्राहियों ने अपने मकान पूर्ण कर लिए हैं, लेकिन अभी भी 134 हितग्राहियों के आवास विभिन्न निर्माण स्तरों पर अधूरे हैं। योजना के तहत स्वीकृति मिलने के लगभग आठ वर्ष बीत जाने के बाद भी इन मकानों का पूरा नहीं होना गंभीर स्थिति है। आयुक्त श्री क्षत्रिय ने लंबित आवासों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पीएम आवास 2.0 के हितग्राहियों को एक सप्ताह का समय

समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 की भौतिक प्रगति पर भी आयुक्त क्षत्रिय ने असंतोष व्यक्त किया। नवीन स्वीकृति प्राप्त 504 हितग्राहियों को एक सप्ताह के भीतर भवन अनुज्ञा प्राप्त कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। संबंधित अधिकारियों को स्वीकृति के बाद की प्रक्रियाएं शीघ्र पूरी कराने और प्रगतिरत आवासों में निर्माण की गति बढ़ाने के लिए कहा गया। आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत मकानों की नियमित निगरानी करने तथा निर्माण में अनावश्यक देरी करने वाले प्रकरणों पर नियमानुसार कार्रवाई सबंधित अधिकारीयों को निर्देशित किया।



किरोड़ीमल ट्रस्ट की जांच शुरू, मांग रहे दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सेठ किरोड़ीमल धर्मादा न्यास की ग्राम कोकड़ीतराई, किरोड़ीमल नगर स्थित भूमि पर काबिज व्यक्तियों के आधिपत्य से जुड़े दस्तावेजों का शुक्रवार को उच्च स्तरीय जांच समिति ने सत्यापन किया। अपर जिला दंडाधिकारी अपूर्व प्रियेश टोप्पो की अध्यक्षता में मुख्य नगर पालिका अधिकारी कार्यालय किरोड़ीमल नगर में सुबह 11 बजे से शुरू हुई कार्रवाई में संबंधित व्यक्तियों के मूल दस्तावेजों की जांच की गई। साथ ही भूमि पर आधिपत्य के आधार, अवधि और किराया भुगतान से संबंधित तथ्यों का भी परीक्षण किया गया।

सत्यापन के दौरान समिति के सदस्य आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़ बृजेश सिंह क्षत्रिय, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी चंद्रपाल सिंह ठाकुर और नायब तहसीलदार हरनंदन बंजारे उपस्थित रहे। संयुक्त राजस्व जांच दल के राजस्व निरीक्षक और संबंधित हल्का पटवारी भी मूल जांच प्रतिवेदन, सीमांकन पंचनामा, भूमि के अभिन्यास और अन्य राजस्व अभिलेखों के साथ मौजूद रहे। समिति ने प्रत्येक व्यक्ति को वन टू वन बुलाकर भूमि की रजिस्ट्री, किरायानामा, विक्रय रसीद, किराया भुगतान की रसीद, संपत्ति कर की रसीद, बिजली बिल और पहचान पत्रों की जांच की। मूल दस्तावेजों से मिलान के बाद स्वप्रमाणित छायाप्रतियां प्रकरण के अभिलेख में शामिल की गईं। दस्तावेजों का संबंधित खसरा नंबर, काबिज रकबे और स्थल जांच प्रतिवेदन में दर्ज विवरण से भी मिलान किया गया। समिति ने संबंधित व्यक्तियों को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया। भूमि पर कब से काबिज हैं, किस आधार पर भूमि प्राप्त की और किराये का भुगतान किसे किया जाता था, जैसे बिंदुओं पर उनके कथन दर्ज किए गए। गोपाल ट्रेडिंग कंपनी को किराया देने की बात कहने वाले व्यक्तियों से संबंधित रसीदें और अन्य विवरण भी लिए गए।

दस्तावेजों के आधार पर कार्रवाई

एडीएम ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रकरण में एकपक्षीय कार्रवाई के बजाय संबंधित व्यक्तियों को पूर्व सूचना देकर दस्तावेज प्रस्तुत करने और अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया। प्रशासन का उद्देश्य न्यास की धर्मार्थ भूमि को सुरक्षित रखना और उसके नाम पर आम नागरिकों से अनधिकृत किराया वसूली जैसी गतिविधियों पर रोक लगाना है। लंबे समय से निवासरत परिवारों, छोटे दुकानदारों और ठेला व्यवसायियों के पक्ष को भी सुनते हुए अभिलेखों के आधार पर निष्पक्ष निर्णय की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। समिति प्रस्तुत दस्तावेजों का राजस्व अभिलेखों और न्यास के अभिलेखों से विस्तृत मिलान कर अपना प्रतिवेदन जिला प्रशासन को सौंपेगी।

बड़पारा आरपीएफ बैरक के 160 मीटर बाउंड्री को निगम प्रशासन ने किया कब्जा मुक्त

रायगढ़। शहर में बेहतर यातायात व्यवस्था और नागरिकों को नए आवागमन विकल्प उपलब्ध कराने की दिशा में नगर निगम प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बड़पारा आरपीएफ बैरक के करीब 160 मीटर लंबी बाउंड्री वॉल को जेसीबी से कब्जा मुक्त कर सड़क निर्माण का रास्ता साफ किया गया। इसके साथ ही प्रस्तावित सड़क के समतलीकरण का प्रथम चरण भी शुरू हो गया है।



इस मार्ग पर करीब 6 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण कराया जाएगा। सड़क बनने के बाद नदी के उस पार स्थित इतवारी बाजार, सिंधी कॉलोनी, चक्रधर नगर, बोइरदादर, केलो विहार, टीवी टावर, पहाड़ मंदिर सहित आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को रेलवे स्टेशन पहुंचने के लिए एक नया और सुगम सड़क का विकल्प मिलेगा। वर्तमान में नदी पार क्षेत्र से रेलवे स्टेशन जाने वाले लोगों को मुख्य रूप से अग्रसेन चौक, सुभाष चौक और बेटी बचाओ चौक होकर स्टेशन पहुंचना पड़ता है। एक अन्य मार्ग सुभाष चौक से निर्मल लॉज होकर जाता है। बड़पारा आरपीएफ बैरक मार्ग विकसित होने के बाद तुलसी होटल मार्ग से ओवरब्रिज के नीचे होते हुए बड़पारा आरपीएफ बैरक से सीधे रेलवे स्टेशन की ओर जाने का अतिरिक्त विकल्प उपलब्ध होगा।

गायत्री शक्तिपीठ तमनार ने किया वृक्ष गंगा अभियान

तमनार। गुरुदेव पंडित राम शर्मा आचार्य के जन्म दिवस अश्विन त्रयोदशी के उपलक्ष में वृक्ष गंगा अभियान तरु मित्र कार्यक्रम अंतर्गत आज गायत्री शक्तिपीठ तमनार के परिजनों द्वारा बूढ़ी माई मंदिर से केलो नदी महिला घाट तक की सड़क एवं पचढ़ी घाट की साफ सफाई किया गया एवं किनारे में वृक्षारोपण पीपल, करंज, फूल पेड़ का रोपण किया गया। जिसमें वृक्ष गंगा अभियान प्रभारी लक्ष्मी राम राणा, गायत्री परिजन मुख्य प्रबंध ट्रस्टी अश्वनी पटनायक, ब्लॉक समन्वयक रोहित कुमार साहू सहायक प्रबंध ट्रस्टी मुकेश पटनायक, वरिष्ठ परिजन जनक राम साहू, भुनेश्वर साहू, शंकर जायसवाल, रूद्र राम नायक, जागेश्वर यादव, बिषिकेशन कुंभकार, भरत डनसेना, ध्रुव बेहरा,आयुष राणा,जम्बोवती जायसवाल, इंदु बाला राणा, पुष्पा श्रीवास, वर्षा चंद्रा सभी के योगदान से स्वच्छता अभियान की कार्यक्रम को सफल बनाया गया।



एनटीपीसी के इलेक्ट्रॉन क्विज़ में आईआईटी मद्रास की टीमों ने हासिल किया शीर्ष स्थान

रायगढ़। एनटीपीसी ने युवाओं में जिज्ञासा, सीखने की रुचि और नई सोच को बढ़ावा देने वाली अपनी प्रमुख पहल इलेक्ट्रॉन क्विज़ 8 अक्टूबर को समापन किया। 5 सितंबर को लखनऊ में क्षेत्रीय राउंड के साथ शुरू हुई यह क्विज़ 8 अक्टूबर को राष्ट्रीय फिनाले के साथ संपन्न हुई। इस दौरान प्रतियोगिता का आयोजन देश के नौ क्षेत्रीय केंद्रों पर किया गया।



ग्रैंड फिनाले में आईआईटी मद्रास के अद्विक काबरा और आशीष चेरियन थन्निकल ने राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान हासिल किया। वहीं, आईआईटी मद्रास के श्रीराम माधवन वी और ईशान जोशी ने दूसरा स्थान, जबकि आईआईटी कानपुर के वकार मोइद और पार्थ आर्य भट्ट ने तीसरा स्थान हासिल किया। राष्ट्रीय स्तर पर विजेता टीम को 1 लाख दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 60 हजार और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 40 हजार का पुरस्कार दिया गया। चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर रहने वाली टीमों को 16 हजार प्रत्येक, जबकि शेष 12 टीमों को 8 हजार प्रत्येक का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर मौजूद अनिल कुमार जाडली, निदेशक मानव संसाधन, एनटीपीसी ने विजेता टीमों को बधाई दी और सभी प्रतिभागियों के उत्साह और भागीदारी की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने आगे के सफर में सीखने और जिज्ञासा की भावना को बनाए रखने का आग्रह किया। एनटीपीसी की अपनी बदलाव की यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कंपनी अपनी पारंपरिक पहचान से आगे बढ़ते हुए अब एक एकीकृत ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी के रूप में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बदलाव के साथ खुद को ढालना और लगातार आगे बढ़ना ऐसे गुण हैं, जिन्हें युवा पीढ़ी को भी समझना और अपने साथ आगे ले जाना चाहिए। इस वर्ष इलेक्ट्रॉन क्विज़ के क्षेत्रीय राउंड लखनऊ, पटना, रांची, रायपुर, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता और नोएडा में आयोजित किए गए।

150 आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को मिले खिलौने

रायगढ़। एकीकृत बाल विकास परियोजना कापू में राष्ट्रीय पोषण माह का समापन किया गया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया के हाथों परियोजना के 150 आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए खिलौनों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विभागीय कर्मचारियों और सेक्टर पर्यवेक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। सांसद राधेश्याम राठिया ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में माताओं और बच्चों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

संगठन विस्तार के लिए सरसींवा में ब्लाक स्तरीय बैठक

बिलाईगढ़। कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवासन एवं छग प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अरुण ताम्रकर अतिरिक्त प्रदेश अध्यक्ष संतोष पांडे महिला प्रदेश अध्यक्ष मंजू लता आनंद के निर्देश पर ब्लॉक संगठन सरसींवां के द्वारा संगठन विस्तार के लिए बैठक रखा गया। जिसमें मुख्य रूप से कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष ताराचंद देवांगन वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नेमीचंद केशरवानी, प्रदेश सचिव छत्रसाल साहू, जिला महामंत्री भाई नीतीश बंजारे, सेवादल के अतिरिक्त जिला अध्यक्ष कमलेश कुर्रे, किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री अप्पू नवरंग, जिला अध्यक्ष अनु जाति प्रकोष्ठ दिलीप कुमार अनंत युवा नेता राकेश मानिकपूरी, कांग्रेस नेत्री लता जाटवर, कांग्रेस नेत्री बहन मीना बंजारे, वरिष्ठ अधिवक्ता जागेश्वर लहरें वरिष्ठ अधिवक्ता, राजकुमार जांगड़े, अधिवक्ता संघ भटगांव के अध्यक्ष फिरितराम खटकर, कांग्रेस सेवादल सभी जिला महामंत्री अगरदास, युगल किशोर साहू चितरंजन रात्रे, जिला सचिव उतरा साहू रेशम अजय, प्यांशु जांगड़े, अमृत साहू नगर पंचायत पवनी के पार्षद राम गोपाल साहू रंजीत कर्ष, जगदीश साहू, प्रकाश चन्द, मनोज साहू सहित सभी नवनियुक्त सेवादल की पदाधिकारीगण,



मंडल अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वही पडवार ने बताया की जिस तरह भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने देश में सांप्रदायिकता फैला कर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं देश में भाईचारा मिटाने की कोशिश कर रहे और देश की अर्थव्यवस्था गिरा कर देश को पिछे धक्केलने की कार्य कर रही है। इस सब के मुंह तोड़ जवाब देने के लिए हमारे सेवादल की संगठन बूथ स्तर जाएगी लोगों को जाकर भाजपा की काला चिठ्ठा बताने और यू राष्ट्रीय हित के लिए कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाना जरूरी है कह लोगों को जागरूक करने की काम करेगी। साथ ही आगामी कार्यक्रम की रणनीति बना कर रूपरेखा तैयार की।

बरमकेला में जिपं सीईओ ने ली बैठक

सारंगढ़। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का विस्तार करने तथा अधिक से अधिक श्रम दिवस सृजित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत बरमकेला में वीबी ग्राम जी के अंतर्गत रोजगार सहायकों की समीक्षा बैठक ली।



इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायतवार रोजगार सृजन, स्वीकृत कार्यों की प्रगति एवं श्रमिकों की सहभागिता की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ऋषिकेश तिवारी ने कहा कि ग्रामीण परिवारों को उनकी मांग के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए सभी रोजगार सहायक ग्राम पंचायत स्तर पर सक्रियता से कार्य करते हुए अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों को योजना से जोड़ें तथा श्रम दिवस सृजन के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायतों में स्वीकृत कार्यों को समय पर प्रारंभ कराने, रोजगार की मांग करने वाले श्रमिकों को कार्य उपलब्ध कराने तथा संचालित कार्यों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए।













